# कया में आयोजित हुआ जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर

# विभागीय योजनाओं की जानकारी के साथ मिल रहा योजनाओं का लाभ

**जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर से ग्रामीणजन हो रहे लाभान्वित**

रायगढ़





मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप ग्रामीण अंचल की समस्याओं को उनके गांव में ही निराकृत करने के उद्देश्य से जनपद स्तर के ग्रामों में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत जनपदों के ग्राम स्तर के शिविर में आवेदन प्राप्त किए जाते है। साथ ही शिविर में आए लोगों की समस्याओं को सुनते हुए उनके आवेदन का निराकरण किया जाता है। इसी क्रम में आज विकासखण्ड घरघोड़ा के ग्राम-कया में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर से पूर्व 15 पंचायतों से ग्राम स्तर पर 462 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें 461 आवेदनों का निराकरण कर दिया गया है। वहीं आज आयोजित शिविर में प्राप्त सभी आवेदनों को निराकरण हेतु संबंधित विभागों को भेजा गया है।

कया में आयोजित शिविर में विधायक धरमजयगढ़ लालजीत सिंह राठिया ने लोगों की संबोधित करते हुए कहा कि जन समस्या निवारण शिविर के माध्यम से आज यहां जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद है। उन्होंने नागरिकों से अपनी समस्याओं मांग को लेकर आवेदन करने और उसका निराकरण करने के लिए संबंधित अधिकारियों से कहा। उन्होंने कहा कि शिविर में विभाग से संबंधित योजनाओं की जानकारी के लिए स्टॉल लगाए गए है। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों को शासकीय योजनाओं का लाभ लेने हेतु आग्रह किया। इस दौरान उन्होंने जनसामान्य को बाल विवाह के रोकथाम की शपथ दिलवाई।

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने कहा कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सहयोग से जिला प्रशासन द्वारा दूरस्थ अंचलों के ग्रामीण क्षेत्रों में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। ताकि उन क्षेत्रों में जाकर उनकी समस्याओं को जानने के साथ ही उसे निराकृत किया जा सके। कलेक्टर गोयल ने कहा कि जनसमस्या निवारण शिविर का मुख्य उद्देश्य यही है कि शासन-प्रशासन के सभी विभागों को एक जगह उपस्थित होकर आम लोगों की समस्या, जरूरत, मांग को यथा समय समाधान किया जाए ताकि जरूरतमंद व पात्र हितग्राहियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने जनसामान्य की समस्याओं को सुनने के साथ ही लोगों से अपील की कि सभी स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल में जाकर स्वास्थ्य जांच कराएं। उन्होंने गर्भवती महिलाओं को हिमाग्लोबिन कम होने पर महिला बाल विकास विभाग द्वारा दिए जा रहे पूरक आहार का लाभ लेने को कहा, ताकि जच्चा-बच्चा स्वस्थ रहे। मौके पर विभागीय अधिकारियों ने शिविर में लगाए गए स्टॉल के माध्यम से विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दिए।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य संतोष राठिया, अध्यक्ष जनपद पंचायत घरघोड़ा सहोद्रा राठिया, अरूणधर दीवान, सरपंच कया सुरेखा राठिया, उस्मान बेग, शिव शर्मा, जनेश्वर मिश्रा, नरेश बेहरा, एसडीएम घरघोड़ा रमेश मोर, डिप्टी कलेक्टर महेश शर्मा, जनपद सीईओ विरेन्द्र राय सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

**त्वरित ईलाज से बच्चे की बची जान, कलेक्टर ने डॉक्टर को दिया प्रशस्ति पत्र-** कलेक्टर गोयल ने सर्पदंश के पश्चात डॉ.भोय द्वारा त्वरित ईलाज से बच्चे की जान बचाने पर सराहना करते हुए प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। उल्लेखनीय है कि जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर से पूर्व संध्या शिविर स्थल पर खेल रहे बच्चों में से 10 वर्षीय कृष्णा सारथी पिता रामचंद्र सारथी को करैत सांप ने डस लिया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत डॉ.तरुण भोय को जैसे ही इसकी जानकारी मिली उन्होंने अपनी बाइक में बिठा कर स्वास्थ्य केंद्र ले जाकर बच्चे का इलाज किए। इस दौरान उन्होंने पूरी रात निगरानी में रखकर उसका देख भाल करते अगली सुबह बच्चे को डिस्चार्ज किया। अब बच्चा पूरी तरह स्वस्थ है। शासन के मंशानुरूप स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार ग्रामीण क्षेत्रों में हो रहा है, जिसके फलस्वरूप बेहतर इलाज से ग्रामीण लाभान्वित हो रहे है।

**विभागीय योजनाओं से लाभान्वित हुए हितग्राही -** कया में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में मछली पालन विभाग द्वारा दो हितग्राहियों को जाल एवं आईस बॉक्स का वितरण किया गया। इसी तरह राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान योजना)के तहत 3 हितग्राहियों को सीआईएफ राशि प्रदाय किया गया। कृषि विभाग द्वारा धरती आबा योजना के तहत 10 हितग्राहियों को सरसो बीज वितरण किया गया। स्वच्छ भारत मिशन के तहत 3 लोगों को प्रमाण-पत्र, दो लोगों को वृद्धा पेंशन योजना से लाभान्वित किया गया। पशुपालन विभाग द्वारा 16 हितग्राहियों को मिनरल मिक्सर, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत 5 लोगों को अभिनंदन पत्रक, स्वास्थ्य विभाग द्वारा 3 लोगों का आयुष्मान कार्ड एवं दो का सिकल सेल कार्ड बनाया गया। खाद्य विभाग द्वारा 5 लोगों का राशन कार्ड बनाया गया। इसी तरह अन्य विभागों ने भी पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित किया। शिविर में सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहें। उन्होंने मंच के माध्यम से विभागीय योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

**स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल से 160 लोग हुए लाभान्वित-** कया में आयोजित शिविर के दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्टॉल लगाया गया था। जिसमें स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार हेतु खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ.एस.पैंकरा, चिकित्सा अधिकारी डॉ.नागेन्द्र नायक द्वारा जांच किया गया तथा दवा वितरण लैब जांच, एन.सी.डी.जाँच किया गया। जिसमें डायबिटिज-06, हाइपर टेंशन-10, सिकलिन जाँच के 2 मरीज पाये गये इस तरह शिविर में कुल 160 लोग लाभान्वित हुए। शिविर में हिमोग्लोबिन वाले 8 ग्राम से नीचे वाले 07 मरीजों की पुष्टि हुई। इसी तरह चिरायु से 10 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में सीएमएचओ डॉ.बी.के.चंद्रवंशी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक रंजना पैंकरा, नोडल अधिकारी डॉ.एस.के.मंडल, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक मंजूलता एवं सेक्टर के समस्त अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहें।

**मासिक पत्रिका जनमन का किया गया वितरण-** शिविर में शासन की जनकल्याण योजनाओं संबंधित पत्रिकाओं जनमन एवं सुशासन के नवीन आयाम तथा खुशियों का नोटिफिकेशन महतारी वंदन जैसे पुस्तकों का वितरण किया गया। राज्य शासन द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं, महत्वपूर्ण निर्णय एवं उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने और उन्हें योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करने हेतु मासिक पत्रिका जनमन का प्रकाशन जनसंपर्क विभाग द्वारा किया जाता है। जनमन के माध्यम से शासन की सभी योजनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी जनसामान्य को मिलती हैं।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### वनरक्षक भर्ती में छूटे अभ्यर्थियों का फिजिकल टेस्ट 1 दिसंबर को रायगढ़ में होगा

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** रायगढ़, धरमजयढ़ एवं जांजगीर चांपा वनमण्डल के वनरक्षक भर्ती के नोडल रायगढ़ वनमण्डल अंतर्गत वनरक्षक के कुल 103 रिक्त पदों पर 34231 अभ्यर्थियों का शारीरिक मापजोख एवं दक्षता परीक्षण की प्रक्रिया 16.11.2024 से प्रारंभ किया गया था। 16.11.2024 को मेसर्स टाईमिंग एण्ड टेक्नोलॉजीस इण्डिया प्राईवेट लिमिटेड हैदराबाद द्वारा रायगढ़ स्टेडियम में स्थापित उपकरणों में आयी तकनीकी समस्या के कारण प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय बैच के जिन अभ्यर्थियों का दक्षता परीक्षा की कार्यवाही पूर्ण नहीं हो पाया है, तथा चौथे एवं पांचवें बैच के अभ्यर्थी इस समस्या के कारण परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सके, उन्हें आगामी 1 दिसंबर को प्रातः 6 बजे शारीरिक मापजोख एवं दक्षता परीक्षण के लिए रिजर्व तिथि 01.12.2024 को उपस्थित होने के लिए जानकारी दी गई है। इसी प्रकार पात्र अभ्यर्थी जिनका प्रवेश पत्र जारी हुआ है तथा एक ही तिथि को पुलिस बल एवं वनरक्षक का परीक्षा होने के कारण निर्धारित तिथि व समय में उपस्थित नहीं हो सके, या जिनके प्रवेश पत्र में फोटो, जेन्डर, आदि में त्रुटि है उन्हें भी 01 दिसंबर 2024 को उपस्थित होने के लिए जानकारी दी गई है।

### रायपुर में 1 दिसंबर को होगा यूपीएससी निशुल्क कोचिंग के लिए प्राक्चयन परीक्षा

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** राज्य शासन के आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा वर्ष 2024-25 में राजीव युवा उत्थान योजना अंतर्गत संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी हेतु अभ्यर्थियों के चयन के लिए ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे, जिसके परीक्षण उपरांत पात्र अभ्यर्थियों का प्राक्चयन परीक्षा 01.12.2024 दिन रविवार को रायपुर के 06 निर्धारित परीक्षा केन्द्रों में समय दोपहर 12 से 2 बजे तक परीक्षा का आयोजन किया गया है। प्राक्चयन परीक्षा संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा के प्रथम प्रश्न पत्र (सामान्य अध्ययन) एवं द्वितीय प्रश्न पत्र (एप्टिट्यूड टेस्ट सीसेट ) हेतु निर्धारित पाठ्यक्रम को सम्मिलित कर तैयार किये गये एक प्रश्न पत्र के माध्यम से आयोजित की जाएगी। ऐसे आवेदक और परीक्षार्थी विभागीय वेबसाईट ट्राइबल डॉट सीजी डॉट जीओवी डॉट इन एच एम एस ट्राइबल डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन www.tribal.cg.gov.in तथा https://hmstribal.cg.nic.in से परीक्षा केन्द्र, रोल नंबर की जानकारी के साथ फोटो युक्त प्रवेश पत्र डाउनलोड कर निर्धारित परीक्षा केन्द्र में लाना सुनिश्चितः करेंगे।

# इंसेंटिव एन्ट्री के संबंध में आयोजित हुई एक दिवसीय कार्यशाला

रायगढ़



कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन एवं सीएमएचओ डॉ.बी.के.चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में इंसेंटिव एंट्री का एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित हुई। जिसमें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जिला चिकित्सालय और मेडिकल कालेज के कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यशाला में आयुष्मान से संबंधित इंसेंटिव एंट्री के संबंध में समस्त जानकारी दी गई। साथ ही वय वंदन योजना के अंतर्गत 70 से अधिक बुजुर्गो का आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के संबंध में भी जानकारी दिया गया हैं। इस दौरान स्वास्थ्य केंद्र से आये हुए अधिकारी/कर्मचारियों को अस्पतालों में लगाए जाने के लिए बैनर आयुष्मान भारत संबंधित प्रदाय किया गया।

# टीबी मरीजों को गोद लेकर फूड बास्केट का किया गया वितरण

**मरीजों को नियमित दवाई के साथ अतिरिक्त पोषण के संबंध में दी गई जानकारी**

रायगढ़



कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन एवं सीएमएचओ डॉ.बी.के.चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में आज सिविल अस्पताल खरसिया में खरसिया ब्लॉक के टीबी मरीजों को फूड बास्केट का वितरण किया गया।

उल्लेखनीय है टीबी रोग को जड़ से समाप्त करने के लिए शुरू किए गए प्रधानमंत्री टीबी मुक्त अभियान अंतर्गत वर्ष 2025 तक भारत देश से टीबी को समाप्त करने का लक्ष्य रखा गया है। इसी दृढ़ इच्छाशक्ति और एकजुटता का परिचय देते हुए अधिक से अधिक निक्षय मित्र बनकर दृढ़ संकल्प और प्रतिबद्धता को पूरा करने के उद्देश्य से जिले के पूर्णेंदु कुमार सीएसआर हेड एवं विवेक पांडे प्रोग्राम मैनेजर अदाणी पावर लिमिटेड रायगढ़ के एस.आर. विभाग के द्वारा खरसिया ब्लॉक के 60 मरीजों को गोद लेकर फूड बास्केट का वितरण किया गया। इस दौरान सभी टीबी मरीजों को नियमित दवाई के साथ अतिरिक्त पोषण लिए जाने हेतु आग्रह किया गया, जिससे मरीज शीघ्र रोग मुक्त हो सके।

स्वास्थ्य अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह बीमारी लाइलाज नहीं है, इसका इलाज अब संभव है। जरूरत है तो सिर्फ लोगों को जागरूक होने कि अगर किसी प्रकार का लक्षण दिखाई दें तो व्यक्ति अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में जाकर इसका नि:शुल्क इलाज करा सकते है। भारत सरकार द्वारा शुरू की गयी निक्षय मित्र योजना रोगियों के लिए सकारात्मक पहल के रूप में समाज के सामने आ रही है। सबसे अहम बात यह है कि टीबी रोगियों के उपचार में सहायता के साथ ही खानपान के लिए फूड पैकेट दिया जाता है। क्योंकि इलाजरत मरीजों के पोषण की जरूरतें पूरी होती हैं। टीबी बीमारी से ग्रसित मरीजों के लिए सामान्य नागरिक, गैर सरकारी संस्थान एवं जिले के जनप्रतिनिधियों सहित अन्य लोगों को निक्षय मित्र बनने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रेरित किया जा रहा है। इस अवसर पर जिला क्षय उन्मूलन अधिकारी डॉक्टर जय कुमारी चौधरी, रंजना पैंकरा जिला कार्यक्रम प्रबंधक, सिविल अस्पताल प्रभारी डॉक्टर दिलेश्वर प्रसाद पटेल, प्रमिला साहू एसटीएस, वंदना गुप्ता जिला मितानिन समन्वयक एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# खयानत मामले के फरार आरोपित दंपत्ति ओडिशा से गिरफ्तार, जूटमिल पुलिस ने दोनों आरोपियों को भेजा रिमांड पर

रायगढ़



जूटमिल पुलिस ने खयानत और विश्वासघात के मामले में फरार आरोपित दंपत्ति को ओडिशा के सुंदरगढ़ से गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपी रश्मि रंजन साहू और उसकी पत्नी विष्णु प्रिया को हिरासत में लेकर रायगढ़ लाया गया, जहां पूछताछ के बाद उन्हें रिमांड पर भेज दिया गया। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के निर्देशन और एडिशनल एसपी आकाश मरकाम व डीएसपी अभिनव उपाध्याय के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई।

घटना 2021 की है, जब अपैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल की एचआर मैनेजर अंजनी पटेल ने जूटमिल थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि हॉस्पिटल के पूर्व मैनेजर रश्मि रंजन साहू और उनकी पत्नी, नर्सिंग सुपरिटेंडेंट विष्णु प्रिया, बिना सूचना दिए हॉस्पिटल छोड़कर भाग गए थे। जांच में पता चला कि उनके प्रभार से लैपटॉप, मोबाइल फोन, पेन ड्राइव और कई महत्वपूर्ण दस्तावेज गायब थे। आरोपितों ने हस्पताल के आधिकारिक ईमेल का दुरुपयोग करते हुए इंश्योरेंस कंपनी से अवैध लाभ प्राप्त किया, जिससे हॉस्पिटल को भारी नुकसान हुआ। घटना के संबंध में थाना जूटमिल (तात्कालिक पुलिस चौकी) में अपराध क्रमांक 1530/2021 धारा 406 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही की जा रही थी।

काफी समय से फरार आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए थाना प्रभारी मोहन भारद्वाज ने साइबर सेल की मदद ली। तकनीकी जांच और ठिकाने का पता लगाकर पुलिस टीम ने ओडिशा के सुंदरगढ़ में छापा मारा और दोनों को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। उनके कब्जे से एक लैपटॉप बरामद किया गया।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रश्मि रंजन साहू (35) और उसकी पत्नी विष्णु प्रिया राय (34) साकिन हल्दिया निश्चिंता कोइली थाना भद्रेस्वर जिला कटक उडीसा के रूप में हुई है। दोनों को भारतीय दंड संहिता की धारा 406 (खयानत) के तहत गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया।

# जूटमिल स्थित रावण ऑटो दुकान में अवैध गांजा कारोबार का पर्दाफाश, 310 पाउच गांजा के साथ महिला गिरफ्तार

रायगढ़



पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के निर्देशन और एडिशनल एसपी आकाश मरकाम व डीएसपी अभिनव उपाध्याय के मार्गदर्शन में जूटमिल पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ कारोबार पर एक और सटीक कार्रवाई करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। थाना जूटमिल की टीम ने "रावण ऑटो" दुकान में छापेमारी कर 310 पाउच गांजा और बिक्री के रु.4,315 बरामद किए। इस कार्रवाई में महिला आरोपिया देवंती साहू को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत रिमांड पर भेजा गया है।

थाना प्रभारी मोहन भारद्वाज को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एफसीआई गोदाम नाका क्षेत्र में स्थित दुकान से गांजा की बिक्री की जा रही है। सूचना की पुष्टि के बाद पुलिस टीम ने मौके पर छापा मारा। तलाशी के दौरान दुकान में प्लास्टिक पन्नियों में छिपाकर रखे गए 310 पाउच गांजा (1 किलो, 380 ग्राम) बरामद हुए। साथ ही, बिक्री से प्राप्त रु.4,315 भी जब्त किए गए।

पुलिस ने आरोपिया देवंती साहू के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 (बी) के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई थाना प्रभारी निरीक्षक मोहन भारद्वाज के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक शशिदेव भोय, प्रधान आरक्षक सतीश पाठक, रामनाथ बनर्जी, आरक्षक सुशील यादव, नरेश रजक, संतोष एक्का, बंशी रात्रे, विजय कुमार जांगड़े और महिला आरक्षक देव कुमारी भारते की टीम द्वारा की गई। जूटमिल पुलिस की यह कड़ी कार्रवाई मादक पदार्थों के अवैध कारोबार पर सख्त संदेश देती है। क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों की चोरी छिपे बिक्री करने वालों पर पुलिस निगाह रखे हैं आगे भी कार्यवाही जारी रहेगी।

# क्षितिज अपार संभावनाएं : 10 वीं एवं 12 वीं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले दिव्यांगजनों की सूची जारी

**5 दिसम्बर तक मंगाए गए दावा आपत्ति**

**रायगढ़।** क्षितिज अपार संभावनाएं योजनान्तर्गत जिले के माध्यमिक/उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले दिव्यांग छात्र तथा छात्राओं को क्रमशः 2 हजार एवं 5 हजार रुपये एकमुश्त प्रोत्साहन राशि प्रदाए किए जाने का प्रावधान है। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा शैक्षणिक सत्र 2023-24 में प्राप्त कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं की प्रावीण्य सूची में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले दिव्यांगजनों की सूची जारी की गई है। जिसमें माध्यमिक परीक्षा कक्षा 10 वीं में शा.उ.मा.शा.महलोई, विकासखण्ड तमनार से कु.अमीषा नायक 90.33 प्रतिशत एवं 77.16 प्रतिशत अंक के साथ रोहन चौहान शामिल है। इसी तरह उच्चतर माध्यमिक परीक्षा 12 वीं में जिंदल आदर्श ग्राम्य भारती हा.से.स्कूल किरोड़ीमल नगर रायगढ़ से रविशंकर पटेल 70.2 प्रतिशत एवं शा.उ.मा.वि.खडग़ांव विकाखण्ड धरमजयगढ़ से कु.रिंकी राठिया 69.2 प्रतिशत शामिल है। इस संबंध में यदि किसी दिव्यांग छात्र-छात्रा को आपत्ति हो तो वे समुचित प्रमाण पत्र के साथ कार्यालय उप संचालक समाज कल्याण रायगढ़ में 5 दिसम्बर 2024 तक कार्यालयीन समय में दावा-आपत्ति आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

# छपोरा में संकुल स्तरीय राष्ट्रीय साधन सह प्रवीण्य छात्रवृति परीक्षा के लिए आयोजित हुई एक दिवसीय कार्यशाला

रायगढ़



विकासखंड पुसौर जिला रायगढ़ अंतर्गत संकुल केंद्र छपोरा के शासकीय माध्यमिक शाला छपोरा में संकुल स्तरीय राष्ट्रीय साधन सह प्रवीण्य छात्रवृति परीक्षा 2024-25 हेतु एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2024-25 में कक्षा आठवीं के पात्र छात्र-छात्राओं हेतु राष्ट्रीय साधन सह प्रवीण्य छात्रवृति परीक्षा होती है। जिसमें परीक्षा में उत्तीर्ण हुए छात्र-छात्राओं को कक्षा 9 वीं से कक्षा 12वीं तक प्रति माह एक हजार की अतिरिक्त छात्रवृत्ति शासन द्वारा प्रदान की जाती है।

जिला शिक्षा अधिकारी राव के निर्देशन में बीईओ दिनेश पटेल ने कार्यशाला की शुरुआत में उपस्थित सभी शिक्षकों पालकों तथा छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय साधन सह प्रवीण्य छात्रवृति परीक्षा के बारे में विस्तार से बताते हुए उपस्थित शिक्षकों को किस तरह फार्म भरना है कैसे तैयारी कराना चाहिए आदि जानकारी देते हुए अपने-अपने विद्यालय में प्रतिदिन अतिरिक्त कक्षाएं आयोजित कर इस पर अध्यापन कार्य करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने सभी पालकों से अपने बच्चों को अतिरिक्त समय देकर उनके अध्यापन कार्य में मदद करने को कहा। उन्होंने बच्चों को मार्गदर्शन करते हुए नवोदय विद्यालय में प्रवेश परीक्षा पर भी चर्चा करते हुए जानकारी दी।

विकासखंड स्त्रोत समन्वयक शैलेंद्र कुमार मिश्रा ने बच्चों का मनोबल बढ़ाते हुए प्रोत्साहित किया। साथ ही उपस्थित हायर सेकेंडरी स्कूल झलमला के प्राचार्य कांतानाथ तिवारी बच्चों को परीक्षा के समय सरल सवालों को पहले तथा कठिन सवालों को बाद में हल करने का तरीका बताते हुए यह भी समझाया कि बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलना भी कितना जरूरी है। तत्पश्चात संकुल प्राचार्य विजय साव ने बच्चों को प्रोत्साहन के साथ आशीर्वाद दिया तथा उपस्थित सभी को आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में संकुल केंद्र छपोरा से सत्र 2023-24 में 7 बच्चों का चयन एनएमएमएसई छात्रवृति परीक्षा में हुआ था। जिसको विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रशस्ति पत्र देते हुए बच्चों एवं संबंधित शिक्षकों को सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम के दौरान संकुल शैक्षिक समन्वयक मायाराम गुप्ता संकुल केंद्र छपोरा का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस एक दिवसीय कार्यशाला में संकुल शैक्षिक समन्वयक अर्जुन कुमार पंडा, मनोज कुमार पंडा, मायाराम गुप्ता, मुरलीधर गुप्ता की उपस्थिति सराहनीय रही। साथ ही इस कार्यक्रम में माध्यमिक शाला छपोरा के प्रधान पाठक गंगाराम प्रधान के साथ अन्य 15 माध्यमिक शालाओं की प्रधान पाठक तथा 10 प्राथमिक शालाओं के प्रधान पाठक के साथ प्रतियोगी परीक्षा के प्रभारी शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ-साथ सैकड़ों संख्या में बच्चों और पालकों की उपस्थिति इस कार्यशाला में रही।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480